प्रेस नोट ***30/03/2025***

अन्जान लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल हैक कर खाते मे निकाली गया कुल धनराशि 88,889 रुपये थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए अन्जान लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल हैक कर खाते मे निकाली गयी, पीडित शुभम दुबे पुत्र विनोद दुबे निवासी काझा थाना रानीपुर जनपद मऊ के कुल धनराशि 88,889 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना रानीपुर के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, उ.नि. रामाज्ञाकुमार, उ.नि सुधा अग्रहरि, क0आ0 अब्दुल रब, म0का0 वैशाली सिंह, म0का0 शालिनी थाना रानीपुर जनपद मऊ।

शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 30.03.2025 सायंकाल अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों रौजा, सदर चौक, धोबिया इमली रोड़, खीरीबाग मैदान, आदि स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त कर शांति/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया गया एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।